विद्या भवन बालिका विद्यापीठ

शक्ति उत्थान आश्रम, लखीसराय

(एन.सी.ई.आर.टी पर आधारित)

कक्षा – पंचम्   तिथि – 01/05/2021

विषय-संस्कृत   सुमिता कुमारी

सुप्रभात बच्चों,

संस्कृत में आप सब पाठ-1 'संस्कृत-वर्णमाला' का अध्ययन करेंगे।

प्रथमः पाठः

संस्कृत-वर्णमाला

* भारत की सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत है।

* संस्कृत भाषा को अनेक भारतीय भाषाओं की जननी कहा जाता है, जैसे- गुजराती, बंगला, हिंदी ,मराठी, तमिल आदि।

* हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी भी संस्कृत भाषा से ही विकसित हुई है।

* भाषा का प्रयोग अपनी बात को कहने के लिए बोलकर या लिखकर और दूसरी की बात समझने के लिए सुनकर या पढ़कर करते हैं।

* **भाषा के दो रूप है-**

(i) मौखिक **(ii) लिखित**

***वर्ण-**

भाषा की सबसे छोटी इकाई 'वर्ण' होते हैं।

इसे अक्षर भी कहते हैं।

* **वर्णमाला-**

सही कम्र में लिखे गए वर्णों के समूह को 'वर्णमाला' कहते हैं ।संस्कृत व हिंदी भाषा की वर्णमाला एक ही है।

<u>अभ्यास</u>

1. **<u>एक पदेन उत्तरत:- (एक पद में उत्तर दीजिए।)</u>**

   (i) भारत की सबसे प्राचीन भाषा क्या है?

(ii) संस्कृत भाषा को किन- किन भाषाओं की जननी कहा जाता है?

(iii) भाषा के कितने रूप हैं? नाम बताएँ।

2. परिभाषितं कुरुत:- (परिभाषित कीजिए।)

(i) वर्ण

(ii) वर्णमाला